शनिवार

11 मार्च, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




विद्या के मंदिर में अश्लील डांस का वीडियो वायरल, विभाग मौन 3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## केदारनाथ यात्रा की तैयारियों में मौसम का रोड़ा



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने में कम ही समय बचा हुआ है, लेकिन यात्रा तैयारियों को करने में मौसम बाधक बन रहा है। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले जाने हैं। कपाट खुलने से पहले यात्रा तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। प्रथम चरण में केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य शुरू हुआ था। रास्ते से बर्फ हटाने के काम में 50 मजदूरों को प्रशासन की ओर से लगाया गया है। मजदूरों ने आधे रास्ते से बर्फ को हटा भी दिया है, लेकिन बर्फ हटाने के कार्य में केदारनाथ का मौसम भी बाधक बन रहा है।

# खुशखबरी: चुनिंदा कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम चुनने का मिलेगा मौका

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र की मोदी सरकार ने लंबे समय के इंतजार के बाद केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी खुशखबरी दी है। केंद्रीय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना यानी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलने जा रहा है। इसके बाद अब केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होने वाली है। हालांकि, ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ सभी कर्मचारियों को नहीं मिलने वाला है। क्योंकि सरकार की ओर से जारी नई अपडेट के मुताबिक, कुछ चुनिंदा कर्मचारियों

❒ 22 दिसंबर 2003 के पहले निकली भर्ती के जरिये नौकरी में शामिल होने वालों को मिलेगा लाभ

को ही ओल्ड पेंशन स्कीम चुनने का मौका दिया जा रहा है। ऐसे में केंद्रीय कर्मचारियों के मन में यह सवाल है कि वे पुरानी पेंशन के तहत मिलने वाले लाभ के लिए पात्र हैं या नहीं।

**किन कर्मचारियों को मिलने जा रहा ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ :** ओल्ड पेंशन को लेकर आई नई





अपडेट के अनुसार, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली यानी एनपीएस को अधिसूचित किये जाने की तारीख 22 दिसंबर, 2003 से पहले विज्ञापित या अधिसूचित पदों के तहत केंद्र सरकार की सेवाओं में शामिल होने वाले कर्मचारी केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 (अब 2021) के तहत पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने के पात्र हैं। इसे आसान शब्दों में समझें तो यदि कोई कर्मचारी 22 दिसंबर 2003 के पहले निकली भर्ती के जरिये सरकारी नौकरी में शामिल हुआ है तो उसे पुरानी पेंशन का लाभ मिलेगा।

वहीं, जिन कर्मचारियों को 22 दिसंबर 2003 के बाद निकली भर्ती के जरिए नौकरी मिली है उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। उन्हें नेशनल पेंशन स्कीम के तहत पेंशन कवर दिया जाएगा। जो सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना चुनने के पात्र हैं वह 31 अगस्त, 2023 तक इस विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही सरकार ने यह भी बताया है कि यदि योग्य कर्मचारी 31 अगस्त, 2023 तक पुरानी पेंशन योजना का विकल्प नहीं चुनते हैं तो उन्हें नई पेंशन योजना 9 के तहत पेंशन दिया जाएगा। वहीं, अगर कोई कर्मचारी नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में जाने का विकल्प चुन लेते हैं तो वह अंतिम विकल्प माना लिया जाएगा। इसका मतलब है कि वह फिर नई पेंशन योजना में स्विच नहीं कर पाएंगे।

## खबरें फटाफट

### ओयो के फाउंडर के पिता का निधन

**गुरुग्राम।** ओयो रूम्स के संस्थापक रितेश अग्रवाल के पिता रमेश अग्रवाल की शुक्रवार को अपने अपार्टमेंट की 20वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस रमेश अग्रवाल की आत्महत्या की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। दोपहर करीब एक बजे हुई इस घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। रितेश अग्रवाल की अभी सात मार्च 2023 को गीतांशा सूद से शादी हुई थी। रमेश अग्रवाल डीएलएफ फेज-4 स्थित द क्रेस्ट कंडोमिनियम में अपनी पत्नी के साथ रहते थे। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) वीरेंद्र विज ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति की 20वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई है।

### तमिलनाडु केस की जांच करने गई टीम लौटी

**पटना।** तमिलनाडु विवाद की जांच करने गई 4 सदस्यीय टीम बिहार लौट चुकी है। पटना लौटने के बाद चार सदस्यीय टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। टीम ने कहा कि फेक खबर थी। बिहार मजूदरों के साथ हिंसा की बता अफवाह थी। इस टीम में सीआईडी के आईजी पी. कन्नन, विशेष सचिव आलोक कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बालामुरुगन डी और एसटीएफ के एसपी संतोष कुमार शामिल थे। टीम को लीड कर रहे बाला मुरुगन डी ने कहा कि तमिलनाडु में सभी लोगों के साथ मीटिंग हुई। सभी लोगों से मुलाकात हुई। मुख्य सचिव के साथ भी विचार हुआ। जांच के दौरान सभी वीडियो झूठे पाए गए। फेक वीडियो की वजह से लोगों पैनिक हुए। वीडियो से स्थिति खराब हुई लेकिन अब हालात समान्य हैं।

## 3298 पदों के चुनाव को लेकर मतदाता सूची बनाने का कार्यक्रम घोषित

# डुमरांव समेत राज्य के 31 नगर निकाय चुनाव की तैयारी शुरू

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य निर्वाचन आयोग ने 31 नगर निकाय के आम चुनाव और पंचायत उपचुनाव के तहत 3298 पदों के चुनाव को लेकर वार्डवार मतदाता सूची बनाने का कार्यक्रम घोषित कर दिया। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार 13 मार्च से वार्डवार मतदाता सूची का विखंडन शुरू हो जाएगा। पंचायत उपचुनाव को लेकर 24 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा जबकि नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 03 मई को होगा। इसके बाद चुनाव के कार्यक्रम निर्धारित किये जायेंगे। राज्य के 21 जिलों में स्थित 31 निकायों में आम चुनाव होना है। वहीं, 19 जिलों के विभिन्न वार्डो के स्थगित चुनाव और 6 निकायों के त्यागपत्र के कारण रिक्त पदों के लिए भी चुनाव एक साथ कराये जाने की तैयारी शुरू होगी। आयोग ने निकाय चुनाव व पंचायत उपचुनाव को लेकर अलग-अलग जारी निर्देश में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) व (पंचायत) सह जिलाधिकारी को विधानसभा का 01.01.2023 की अर्हता तिथि के आधार पर 27 जनवरी 2023 को तैयार मतदाता सूची को इन चुनावों के लिए वार्डवार मतदाता सूची बनाने को कहा है।

आयोग के अनुसार पूर्व में 24 नगर निकायों की तैयार मतदाता सूची को पुनः संशोधित कर अद्यतन किया जाएगा। इनके अतिरिक्त सात नगर निकायों का कार्यकाल जून 2023 में समाप्त हो रहा है तथा कई निकायों में मृत्यु, त्यागपत्र व अन्य विभिन्न कारणों से रिक्त पदों के लिए चुनाव





■ हेनवा गांव के तालाब व कठार में जैविक खेती को देखेंगे मुख्यमंत्री

■ जीविका दीदियां करेंगी सीएम का स्वागत

कराए जाएंगे। इनके लिए 05 अप्रैल से 18 अप्रैल के बीच दावा-आपत्ति दिए जा सकेंगे। आयोग के अनुसार पंचायत उप चुनाव के तहत जिला परिषद सदस्य के 8, पंचायत समिति सदस्य के 36, ग्राम पंचायत मुखिया के 42, ग्राम कचहरी सरपंच के 48, ग्राम पंचायत सदस्य के 517 एवं ग्राम कचहरी पंच के 2647 रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। पंचायत उपचुनाव को लेकर मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन 28 मार्च से 10 अप्रैल तक होगा। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निराकरण 31 मार्च से 17 अप्रैल के बीच होगा।

**इन निकायों में होने वाले हैं चुनाव :** पटना-नगर परिषद, मनेर, बक्सर-नगर परिषद, डुमरांव व नगर पंचायत, इटाढी, रोहतास-नगर परिषद, विक्रमगंज, औरंगाबाद-नगर परिषद, दाउदनगर, वैशाली-नगर परिषद, महनार, नालंदा-नगर परिषद, राजगीर व इस्लामपुर, नवादा-नगर परिषद, हिसुआ, गोपालगंज-नगर पंचायत, हथुआ, मुजफ्फरपुर-नगर परिषद कांटी व मोतीपुर, पूर्वी चंपारण - नगर परिषद, केसरिया, नगर पंचायत, ढाका, पश्चिमी चंपारण - नगर पंचायत, मच्छरगांवा (योगापट्टी), शिवहर-नगर परिषद, शिवहर, सीतामढी- नगर पंचायत सुरसंड, दरभंगा-नगर परिषद, जाले, नगर पंचायत घनश्यामपुर, बिरौल व कमतौल अहियारी, मधुबनी-नगर निगम मधुबनी व नगर परिषद, झंझारपुर, सहरसा-नगर निगम, सहरसा, किशनगंज-नगर पंचायत, पौआखाली, मुंगेर- नगर परिषद हवेली खड़गपुर, नगर पंचायत संग्रामपुर व असरगंज, लखीसराय-नगर परिषद, बड़हिया, जमुई-नगर परिषद, झाझा तथा बांका-नगर परिषद, बांका। वहीं, छह जिलों में एक-एक वार्ड पार्षद के त्यागपत्र के कारण रिक्त पद एवं 19 जिलों में विभिन्न निकायों के एक-एक वार्ड पार्षदों व एक उप मुख्य पार्षद के रद्द हुए चुनावों को एक साथ कराया जाएगा।

### एमएलसी चुनाव को ले महागठबंधन ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**पटना।** महागठबंधन ने बिहार में 31 मार्च को होने वाले एमएलसी चुनाव को लेकर जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए महागठबंधन ने प्रत्याशियों की सूची जारी की। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पांच नामों की घोषणा की, जिसमें तीन उम्मीदवार जनता दल यूनाइटेड से हैं। एक उम्मीदवार राष्ट्रीय जनता दल से और एक उम्मीदवार सीपीआई से हैं। कांग्रेस को एक सीट भी नहीं दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जदयूके प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, आरजेडी से भोला यादव और सीपीआई से केडी यादव मौजूद रहे। सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित जेडीयू उम्मीदवार वीरेंद्र नारायण यादव को बनाया गया है। गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित आरजेडी उम्मीदवार पुनीत कुमार सिंह को बनाया गया है। गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार संजीव श्याम सिंह को बनाया गया है। कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित जेडीयू उम्मीदवार डॉ. संजीव कुमार सिंह को बनाया गया है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में केदारनाथ पांडे के निधन के कारण हो रहे उपचुनाव में उनके पुत्र आनंद पुष्कर को सीपीआई से उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि चार विधान पार्षदों का कार्यकाल आठ मई 2023 को खत्म होने वाला है।

# तेजस्वी समेत लालू यादव के 15 करीबियों के ठिकाने पर ईडी की रोड

**केटी न्यूज/पटना**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार पर ईडी और सीबीआई की टीम ताबड़तोड़ एक्शन ले रही। शुक्रवार की सुबह ईडी की टीम ने दस्तक दी। लालू के करीबियों के अलावा परिवार के सदस्यों के यहां भी छापेमारी की जा रही है। पटना से दिल्ली और मुंबई तक लगभग 15 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। लैंड फॉर जॉब घोटाले के मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ा एक्शन लिया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या लालू प्रसाद यादव की मुश्किल बढ़ने वाली है? सुबह से लेकर शाम तक इन 10 प्वॉइंट्स में जानें बड़ी बातें. पटना से लेकर मुंबई तक हड़कंप मचा हुआ है।

जिनके यहां छापेमारी चल रही उसमें उपमुख्यमंत्री तेजस्वी का घर, लालू की बेटियों और दामाद का घर समेत आरजेडी के पूर्व विधायक और कई करीबियों के आवास शामिल हैं। लालू यादव के समधी समाजवादी पार्टी के नेता जितेंद्र यादव के यहां भी कई घंटों तक रेड की गई है। सुबह आठ बजे ही टीम उनके घर पहुंची थी जहां घंटों तक दस्तावेज तलाशने की कोशिश की गई। पटना के फुलवारी शरीफ स्थित आरजेडी के पूर्व



विधायक अबु दोजाना के घर ईडी की टीम रेड कर रही। ईडी के कुछ अधिकारी फर्स्ट फ्लोर पर हैं। प्रथम तल पहुंचकर खिड़की, दरवाजों के आस पास की दीवारों को देख रहे हैं। छानबीन कर रहे। कुछ दस्तावेज तलाश रहे। नौकरी के बदले जमीन लेने के मामले में ईडी के करीब 12 अधिकारी आरजेडी नेता अबु दोजाना के फुलवारी शरीफ वाले आवास पर मौजूद हैं. सूत्रों की मानें तो उनसे पूछताछ जारी है।







## एचउएन2 से हुई मौतों पर सरकार अलर्ट, अब तक देश में दो लोंगों की जा चुकी है जान

# खतरनाक रूप ले चुका है मौसमी इंफ्लुएंजा, रहें सावधान

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

देश भर में एच3एन2 वायरस से मौतों के बाद सरकार भी सतर्क हो गई है। शुक्रवार को सरकार की तरफ से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मौसमी इंफ्लुएंजा से पैदा हुए हालात पर नजर रख रही है।

गौरतलब है कि इस बीमारी के चलते अब तक देशभर में दो लोगों की मौत हो चुकी है। देश भर में एच3एन2 वायरस से मौतों के बाद सरकार भी सतर्क हो गई है। शुक्रवार को सरकार की तरफ से जारी बयान में इसकी





जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मौसमी इंफ्लुएंजा से पैदा हुए हालात पर नजर रख रही है। गौरतलब है कि इस बीमारी के चलते अब तक देशभर में दो लोगों की मौत हो चुकी है।

देश के विभिन्न हिस्सों में मौसमी इंफ्लुएंजा बेहद खतरनाक रूप अख्तियार कर चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस पर करीबी नजर रखी जा रही है। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए खासतौर पर इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम लांच किया गया है। बता दें कि सर्दी, जुकाम और बुखार के लक्षणों के साथ एच3एन2 वायरस जानलेवा साबित हो चुका है। अभी तक इस बीमारी से कर्नाटक और हरियाणा में दो लोगों के जान जाने की पुष्टि हो चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देश के मुताबिक डब्लूएचओ द्वारा ओसेल्टामिवीर दवा रेकमेंड की गई है। यह दवा स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त में उपलब्ध है। एच3एन2 से प्रभावितों की बात करें तो छोटे बच्चों और बुजुर्गों की संख्या इसमें काफी ज्यादा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मरीजों के कैटेगराइजेशन, ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल और विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए जरूरी दिशानिर्देश जारी किए हैं। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों को एच1एन1 केसेज पर भी नजर रखने के लिए कहा गया है।

सुविचार



जीयर स्वामी

चरित्र निर्माण के लिए धर्म की शिक्षा और उससे जुड़ाव बहुत जरुरी है।

**बड़ी खबर** बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत...

केशव टाइम्स

बक्सर, 11 मार्च 2023

शाहाबाद

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### गला काटकर युवक की हत्या, खेत में मिला शव

**सासाराम।** जिले के करगहर थाना क्षेत्र के अमवलिया गांव के दक्षिणी नयका रोड के समीप खेत से शुक्रवार को पुलिस ने युवक का शव बरामद किया है। युवक की गला काट कर हत्या की गई है। युवक की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि अमवलिया गांव में गेंहू के खेत में युवक का शव फेका हुआ था। ग्रामीणों ने शव को तब हल्ला मचाया। खेत में शव मिलने की बात तेजी ये फैली और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राम विलास प्रसाद ने बताया कि शव की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### पीड़िता ने ससुराल वालों पर किया केस

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के कडसर गांव की एक युवती ने अपने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर शुक्रवार को सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर युवती गुलशन कुमारी उर्फ लवली ने बताया है कि शादी एक माह बाद ससुराल वालो ने रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट कर कई बार आग से जला कर जान से मारने का प्रयास किया गया। जिसके बाद पीड़ित युवती ने अपने पिता को बुलाकर अपने मायके कडसर आ गई। पीड़िता ने बताया कि बीते वर्ष 20 मई को यूपी के गाजीपुर जिला अंतर्गत बनीपट्टी निवासी चंद्रशेखर सिंह उर्फ सोनू के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। शादी में यथाशक्ति उसके पिता ने उपहार में नगद एवं अन्य घरेलू सुविधा समान दिए थे। इसके बावजूद ससुराल वाले अतिरिक्त रुपयों की मांग करने लगे। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर पति के अलावा सास इंदु देवी, ननद बेबी सिंह, जेठ कमलेश सिंह, जेठानी अंजू सिंह द्वारा हर तरह से प्रताड़ित किए जाने लगा।

# अपना दर्द दरकिनार कर अब लोगों को जागरूक करने में जुटी हैं सुनीला

- 17 साल से फाइलेरिया से ग्रसित होने के साथ एक साल पहले कालाजार की भी चपेट में थी आईं
- पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़कर अपनी आपबीती सुना लोगों को देती हैं संदेश
- पति के देहांत के बाद भी परिवार को रखा एकजुट, किया पालन पोषण

**केटी न्यूज/छपरा**

किसी भी गंभीर बीमारी से लंबे समय से ग्रसित रहने पर इंसान अपनी क्षमता खो बैठता है। न केवल अपनी पहचान वरण गंभीर बीमारी के कारण वो कई परेशानियों से जूझता है। जिसमें मानसिक परेशानी सबसे ज्यादा होती है । जिससे मरीज का हौसला तो टूटता ही है, साथ ही उसका मनोबल भी पूरी तरह से बिखर जाता। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपनी इन परेशानियों से न केवल खुद को मजबूत बनाते बल्कि दूसरे लोगों को भी सचेत और जागरूक करते हैं। ताकि, जिन परेशानियों और मजबूरियों से वो गुजर चुके हैं, दूसरे लोगों को ऐसी परिस्थितियों से न गुजरना पड़े। हम बात कर रहे हैं, सारण जिले के गड़खा प्रखंड स्थित नारायणपुर नाम के एक छोटे से गांव की महिला सुनीला देवी की। जो पिछले 17 साल से फाइलेरिया के हाथीपांव से ग्रसित हैं। लेकिन, अब नारायणपुर के फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के समूह (पेशेंट सपोर्ट ग्रुप) से जुड़कर लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई हैं।



**2006 में हाथीपांव से हुई ग्रसित, दो साल बाद पति की हुई मृत्यु :** सुनीला देवी ने बताया कि शुरूआती दिनों में वो इस बीमारी के लक्षणों से अनभिज्ञ थीं। जानकारी के अभाव में वो हाथीपांव के लक्षणों की अनदेखी करती रही। जिसके कारण 2006 में हाथीपांव का संक्रमण उनके पैर में फैल गया। दो साल तक वो इलाज के लिए इधर उधर भटकी लेकिन कोई जुगत नहीं लगी। इस बीच 2008 में उनके पति गोपाल राय का देहांत हो गया। अब परिवार की तकलीफों के आगे उन्होंने अपनी तकलीफ को दरकिनार कर अपना पूरा ध्यान उनको एकजुट रखने और उनके पालन पोषण में लगा दिया। समय बीता लेकिन धीरे-धीरे उनके पैरों की परेशानी बढ़ती गई। इस बीच कोरोनाकाल से पहले आशा के माध्यम से उनका इलाज शुरू हुआ। जिससे उन्हें काफी राहत मिली। लेकिन, 2021 में वो कालाजार की चपेट में भी आ गईं। जिसका इलाज स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कराया गया। फिलहाल कालाजार से तो वो उबर गईं, लेकिन हाथीपांव का दंश अब भी झेल रही हैं।

### जागरूकता की किरण तो जरूर आएगी

सुनीला देवी ने बताया, पति की मौत और हाथीपांव के कारण कई बार उनका हौसला टूट जाता। लेकिन, बच्चों का चेहरा देख वो अपनी परिस्थितियों से लड़ने को फिर से तैयार हो जाती। कई बार स्वास्थ्य लोगों को चलते-फिरते या दौड़ते देखती तो उन्हें काफी ग्लानि होती। इसलिए वो पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़कर अब दूसरे लोगों को जागरूक करने में जुट गईं। उनका कहना है कि जीवन में जिन परेशानियों से वो लड़ती रही, अब कोई दूसरा उनका सामना न करे। उन्होंने कहा कि पेशेंट सपोर्ट ग्रुप भले हीं हाथीपांव या फाइलेरिया व अन्य बीमारियों को ठीक नहीं कर सकता। लेकिन जहां दर्जनभर फाइलेरिया के मरीज के साथ खड़े होकर लोगों को जागरूक करेंगे, तो बदलाव और जागरूकता की एक किरण तो जरूर आएगी। जिससे लोगों में इस बीमारी से बचाव की जानकारी और जिज्ञासा बढ़ेगी।

## कोलकाता, दिल्ली सहित सभी प्रमुख स्थानों का नहीं मिल रहा रिजर्वेशन टिकट

# होली बाद लौटने लगे परदेसी, ट्रेनों में जगह नहीं मिलने से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

- ट्रेनों में लटकते हुए यात्रा करने को मजबूर हो रहे है यात्री

**केटी न्यूज/डुमरांव**

होली का त्योहार संपन्न होने के साथ ही दूसरे राज्यों में नौकरी पेशा करने वाले परदेशी अब वापस अपने काम पर लौटने लगे है। बड़ी संख्या में परदेशियों के लौटने से ट्रेनों में खचाखच भींड़ हो रही है। वहीं, प्लेटफार्म पर भी पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोलकाता, नई दिल्ली, चेन्नई, अमृतसर जैसे प्रमुख व्यवसायिक महानगरों को जाने वाली ट्रेनों में नो रूम के कारण रिजर्वेशन टिकट नहीं मिल रहा है। रेल सूत्रों की मानें तो अभी एक पखवाड़े से अधिक समय तक ऐसे महानगरों के लिए जाने वाली ट्रेनों में टिकट मिलना मुश्किल है। ट्रेनों में भारी भींड़ के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्रियों को सबसे अधिक दिक्कत ट्रेन में चढ़ने के दौरान हो रही है।



**शुक्रवार को भी उमड़ी यात्रियों की भीड़ :** होली के दो दिन बाद भी डुमरांव स्टेशन पर यात्रियों का सैलाब उमड़ा। अप तथा डाउन दोनों तरफ के प्लेटफार्म यात्रियों से पूरी तरह से भर गया था। जिस कारण प्लेटफार्म पर कही भी जगह नहीं बची थी। यात्री बड़ी मुश्किल से खुद तथा सामान को प्लेटफार्म पर रख पा रहे थे। जैसे ही कोई ट्रेन आती तो चढ़ने वालों की लंबी लाईन लग जा रही थी। यात्रियों की अधिक संख्या के कारण टेज्न से उतरने वालों को भी परेशान होना पड़ रहा था।

**सुविधाओं की कमी का दंश झेल रहे है रेल यात्री :** रेल यात्रियों की मानें तो स्थानीय स्टेशन पर मुलभूत यात्री सुविधाओं की घोर कमी है। मसलन उन्हें प्लेटफार्म पर बैठने के लिए पर्याप्त सीट व शेड की कमी के साथ ही शौचालय, पेयजल आदि सुविधाओं की कमी का सामना भी करना पड़ रहा है। ऐसे में महिला यात्रियों को खासे फजीहत झेलनी पड़ रही है।

**एक पखवाड़े तक रहेंगी ऐसी स्थितिः** डुमरांव रेलवे स्टेशन पर हर दिन हजारों यात्री अपने यात्रा की शुरूआत करते है। होली जैसा प्रमुख त्योहार होने से यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। जानकारों की मानें तो होली बीतने के एक पखवाड़े बाद तक लोगों के परदेश लौटने का सिलसिला जारी रहता है। जिस कारण भींड़ में अभी कमी आने की उम्मीद नहीं है। मार्च के अंतिम सप्ताह में ही लोकल यात्रियों को कुछ राहत मिल सकती है।

## एक नजर

### 13 को किसान मेला व प्रदर्शनी का होगा आयोजन




**जहानाबाद।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा के तत्वाधान में सोमवार से संयुक्त कृषि भवन परिसर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी व प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा जहानाबाद संजय कुमार ने बताया कि इस अवसर पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों/विभागों यथा- आत्मा, कृषि, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान, मिट्टी जांच, भूमि संरक्षण, पौधा संरक्षण, माप-तौल, नाबार्ड, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जीविका, कार्यालयों के स्टॉल के साथ प्रगतिशील किसानों, कृषि यंत्र विक्रेताओं, कृषि उत्पाद से जुड़े संस्थाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस मेला में कृषक हितकारी विभागीय योजनाओं/तकनीकों की जानकारी देने हेतु कला जत्था/नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा एवं इस अवसर पर उद्यान प्रदर्शनी/प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें इस जिला के किसानों को उनके द्वारा स्वयं उत्पादित सब्जी, फूल, फल, मशरूम, शहद आदि के प्रादर्श लाने हेतु आमंत्रित किया गया है। जिसमें प्रतियोगिता के माध्यम से उत्कृष्ट उत्पाद/प्रादर्श के लिए किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### शांतिनगर गोलीकांड में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, पुलिस ने तीन को भेजा जेल



**बक्सर।** होली के दिन आठ मार्च दोपहर शांतिनगर गोलीकांड में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के द्वारा घायल राजा रजक 25 साल की इजाल वराणसी में कराई जा रही थी। सुत्रों के उसकी हालत स्थिर परन्तु शुक्रवार की सुबह विगड़नी शुरू हुई। जिसके बाद मौत हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने घायल राजा की मौत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस दो पक्षों के बीच पुरानी अदावत है। कई बार मारपीट को लेकर एफआईआर भी दोनों पक्षों के बीच हुआ। होली के दिन राजा रजक पर छह लोगों ने हमला बोल दिया। उसके साथ मारपीट की उसके बाद गोलीमार दी। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया। जहां से हालत नाजूक देखते हुए डाक्टरों ने वराणसी रेफर कर दिया था। घायल अवस्था में छह लोगों को राजा ने नामजद अभियुक्त बनाया था। जिसमें संजय राउत, सुनील उर्फ अटल व अमित पाण्डेय को पुलिस जेल भेज चुकी है। एक आर्म्स भी बरामद हुआ है। अन्य अभियुक्तों के लिए छापेमारी की जा रही है।

### जालसाजी, धोखाधड़ी व मारपीट के आरोपी हैं विधान परिषद के निर्दलीय प्रत्याशी अभिराम




**जहानाबाद।** विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र गया से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले जहानाबाद के अभिराम सिंह जालसाजी, धोखाधड़ी सहित मारपीट के दो मामलों के आरोपी हैं और दोनों मामले नगर थाना, जहानाबाद में ही दर्ज है। शुक्रवार को नामांकन के साथ दिए गए शपथ पत्र के मुताबिक अभिराम सिंह और उनकी पत्नी मंजू देवी के नाम से विभिन्न जगहों पर करोड़ों की संपत्ति है जिसमें जहानाबाद, पटना, मसौढ़ी, नालंदा सहित यूपी के नोएडा में भी कई एकड़ की संपत्ति है। निर्दलीय प्रत्याशी अभिराम सिंह और उनकी पत्नी के नाम से कुल 08 बैंक खाते हैं तथा दोनों पति पत्नी ने विभिन्न बैंकों से करीब 02 करोड़ रूपए का अनसिक्योर्ड लोन भी लिया हुआ है। नामांकन में दी गई जानकारी के अनुसार अभिराम सिंह के नाम से मात्र दो बस और एक इनोवा गाड़ी है। पिछले पांच वर्षों के आयकर विवरण के अनुसार इन्होंने अपनी सालाना कमाई लगभग 20 लाख रुपए बताई है जो इनकी अर्जित संपत्ति की तुलना में काफी कम है। नामांकन के साथ दिए गए शपथ पत्र में इन्होंने खुद को शिक्षाविद् नहीं बल्कि व्यवसाई बताया है और पत्नी का पेशा भी व्यवसाय ही बताया है। नामांकन में इन्होंने आश्रित या पुत्र के नाम से कोई भी संपत्ति नहीं होने का दावा करते हुए उसे नील(शून्य) के रूप में भरा है। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के मुताबिक उम्मीदवारों को अपना पूर्ण विवरण देना अनिवार्य होता है इसी को लेकर सभी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के साथ सभी जानकारी दी जा रही है। सभी प्रत्याशी शिक्षकों और शिक्षा के हित की बात कर रहे हैं और मतदाता उनका मूल्यांकन उन्हीं के बायोडाटा से करना चाह रहे हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 13 मार्च है और आगामी 31 मार्च को मतदान की तिथि निर्धारित है जिसके लिए सभी प्रत्याशी जोर -शोर से मतदाताओं को खुश करने में लगे हैं।

# घर से ले जाकर किशोरी से किया दुष्कर्म, आरोपित हुआ गिरफ्तार

- दूसरे दिन पीरो बाजार में मिली किशोरी, मेडिकल जांच के बाद छानबीन

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में होली की रात एक किशोरी से दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। बगल के गांव के एक युवक पर घर से ले जाकर किशोरी के साथ रेप किये जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह सुग्गी बाल निवासी जज यादव का पुत्र मनोज यादव है।

इधर, पुलिस किशोरी की मेडिकल जांच और बयान दर्ज कराने के बाद मामले की छानबीन में जुट गयी है। इसे लेकर अगिआंव बाजार थाने में मनोज यादव के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, परिजनों के अनुसार किशोरी होली की रात करीब आठ बजे अपने घर से अचानक गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। दूसरे दिन गुरुवार को वह पीरो बाजार में मिली। परिजनों के अनुसार किशोरी ने बताया कि बगल के गांव के मनोज यादव उसे घर से ले गया था और गंदा काम किया गया था। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने युवक पर घर से ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी की मेडिकल जांच करा दी गयी है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान युवक ने रास्ते में तोड़ा दम
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह बेलगाम बस ने बाइक सवार एक मोबाइल दुकानदार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दियाम घटना लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर वार्ड नंबर 9 निवासी सुनील कुमार सिंह का 21 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार है। वह पेशे से दुकानदार था एवं स्थानीय थाना क्षेत्र के कसाप बाजार पर मोबाइल का दुकान था।



इधर उदवंतनगर पंचायत के पूर्व मुखिया दिनेश कुमार उर्फ नेपाली ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह बाइक पर सवार होकर कसाप बाजार पर अपना मोबाइल दुकान खोलने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान सासाराम की ओर से आ रही बस ने सामने से उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे आरा सदर अस्पताल ले आए जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व पांच बहन में दूसरे स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां मनोरमा देवी व चार बहन एवं एक भाई है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटित घटना के बाद मृतक की मां मनोरमा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा है।

## इलाज के दौरान टीबी मरीजों को बीच में दवाई छोड़ देना साबित हो सकता है घातक

# टीबी को लेकर हमेशा बरतें सावधानियां, दवाओं का पूरा कोर्स करना जरूरी

- भीड़भाड़ के इलाके में न थूकें, मुंह पर रुमाल रखकर ही खांसे

**केटी न्यूज/बक्सर**

तपेदिक या टीबी आमतौर पर एमटीबी जीवाणु (माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस) के कारण होता और यह बहुत धीरे-धीरे बढ़ता , जिससे यह संक्रमण पैदा करता जो जीवन भर रह सकता है। दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी के टीबी बैक्टीरिया से संक्रमित होने का अनुमान है। जबकि उन्हें इस बात की खबर तक नहीं होती है। टीबी एक ऐसी बीमारी, जिसका इलाज करवाने से जान बचाई जा सकती है। लेकिन इसके कई मामलों में जानकारी के अभाव या लापरवाही में मरीज खुद अपनी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। टीबी के इलाजरत मरीज दवाओं का पूरा कोर्स नहीं करते। वहीं मरीज कुछ समय दवा खाने के बाद छोड़ देते हैं। जिसके कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मरीजों को समझना होगा कि चिकित्सक उन्हें जितने दिन दवाई खाने को कहें, उतनी दवाएं लेना उनके लिए लाभप्रद होगा। बीच में दवाई छोड़ देना घातक साबित हो सकता है।



### हवा के द्वारा फैलता है टीबी माइक्रो बेक्टीरियम

ट्यूबरक्लोई नामक बैक्टेरिया की वजह से टीबी होता है। जो हवा के द्वारा फैलता है। जब फेफड़े का यक्ष्मा रोगी खांसता या छींकता है तो लाखों-करोड़ों की संख्या में टीबी के रोगाणु थूक के छोटे कणों (ड्राप्लेट्स) के रूप में वातावरण में फेंकता है। यही हवा में तैरते हुए ड्रॉप्लेट्स या बलगम के छोटे-छोटे कण जब सांस के साथ स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाते और वह व्यक्ति टीबी रोग से ग्रसित हो जाता है। जिसके बाद उनमें भी टीबी के रोगाणु बढ़ने लगते और उसे टीबी का मरीज बना देते हैं।अगर किसी को हो जाए तो उससे दूसरे को होना भी लाजमी है। इसके बैक्टेरिया तेजी से फैलते हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को भीड़भाड़ के इलाके में नहीं थूकना चाहिए। मुंह पर रुमाल रखकर ही खांसी करें।

**टीबी मरीजों की खोज के लिए चलाया गया विशेष अभियान :** सिविल सर्जन सह प्रभारी सीडीओ डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि टीबी के मरीजों की दिनचर्या, उनके रहन-सहन और इलाज के दौरान की पूरी जानकारी के लिए सब नेशनल सर्टिफिकेट (एसएनसी) के तहत जिले के चिह्नित गांवों में सर्वे किया गया। वहीं, टीबी के लक्षण वाले मरीजों का बलगम भी लिया गया। 30 जनवरी से शुरू हुए इस सर्वे में अब तक 6413 घरों में विजिट किया गया। जिनमें 21897 लोगों से टीबी को लेकर पूछताछ की गई है। जिसके आधार पर 119 टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित किया गया है। जिनमें अब तक एक मरीज में टीबी की पुष्टि हुई है। उन्होंने टीबी मरीजों को सावधान रहने की अपील की। ताकि, उनकी लापरवाही से कोई और इस बीमारी से संक्रमित न हो जाए।

# रामनवमी जुलूस के दौरान यातायात बाधित करने वालों पर होगी कार्रवाई: एसडीओ

- एसडीओ ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने का दिया निर्देश
- पूजा समितियों के लिए लाइसेंस अनिवार्य, रात दस बजे के बाद नहीं बजेगा लाउडस्पीकर

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में रामनवमी जुलूस निकाले जाने को लेकर प्रशासन ने गाइड लाइन जारी कर दिया है। बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने शुक्रवार को नगर थाने में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें रामनवी पर विधि व्यवस्था संधारण तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस निकलवाने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। एसडीओ ने बताया कि किसी भी हालत में बिना लाइसेंस लिए किसी समिति को जुलूस नहीं निकालने दी जाएगी। सभी समितियों के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करने के साथ ही उन्होंने एहतियात के तौर पर स्थानीय थाने में समिति के अध्यक्ष व सचिव के साथ ही कम से कम 20 सदस्यों का नाम, पता, उनका फोटो तथा मोबाइल नंबर जमा करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने साफ कहा कि जुलूस के दौरान डीजे नहीं बजाया जाएगा। डीजे बजाने वाले समितियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डीजे संचालकों को भी निर्देश दिया है कि रामनवमी पर डीजे नहीं बजाना है। डीजे बजाने वाले संचालकों का डीजे जब्त कर लिया जाएगा। बैठक में सदर एसडीपीओ गोरख राम, यातायात प्रभारी, नगर तथा सदर के सर्किल इंस्पेक्टर आदि मौजूद थे।



## ट्रैफिक बाधित नहीं करने का निर्देश

एसडीओ ने कहा कि ऐसी व्यवस्था करनी है जिससे संप्रदायिक सौहार्द तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनी रहे। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउड स्पीकर बजाने पर पाबंदी रहेगी। एसडीओ ने कहां कि जुलूस में डीजे तथा किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पाबंदी रहेगी। जुलूस में अश्लील गीत नहीं बजाया जाएगा। ऐसा करने वाली पूजा समिति पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। सभी जुलूस पुलिस की निगरानी में निकलेगी और संपन्न होगी। वहीं, जुलूस के दौरान किसी भी तरह के विधि व्यवस्था में व्यवधान होने पर आयोजक जिम्मेवार होंगे। उन्होंने बक्सर में निकलने वाले जुलूस के मद्देनजर दंडाधिकारियों से हर जरूरी कदम उठाने को कहा ताकी शांति पूर्ण माहौल में रामनवमी का जुलूस संपन्न हो सके।

**30 मार्च को है रामनवमी :** बता दें कि चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसी के खुशी में रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन देश भर में हिन्दू धार्मावलंबी जुलूस निकाल भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाते है। इस बार रामनवमी 30 मार्च को है। जिसको लेकर अभी से ही प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। बता दें कि रामनवमी पर बक्सर तथा डुमरांव में विशाल जुलूस निकाला जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस दिन विभिन्न समितियों द्वारा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशी में जुलूस का आयोजन किया जाता है। यह त्योहार बड़े स्तर पर मनाया जाता है। यही कारण है कि प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी पहले से की जा रही है। ताकी रामनवमी के दिन विधि व्यवस्था संबंधित कोई परेशानी न हो तथा लोग शांतिपूर्वक त्योहार मना सके।

## खबरें फटाफट

### दिव्यांग से मारपीट मामले में दो धराए

**नावानगर।** गिरिधर बरांव पंचायत के पूर्वी भरौली गांव में हुई दिव्यांग से मारपीट मामले में पुलिस ने दो नामजद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी मेही राय व मुकेश कुमार है। बता दें कि दो दिन पूर्व पीड़ित दिव्यांग अक्षय कुमार ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही पांच लोगों को नामजद कर नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। एफआईआर के बाद पुलिस ने चिन्हित घर पर छापेमारी कर दो नामजद को धर दबोचा।

### आग लगाने को ले विरोध करने पर पीटा

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव निवासी श्रीराम राम ने अपने ही गांव के गणेश राम पर अपने मड़ई-टाटी से बनाए बैठका में आग लगाने तथा विरोध करने पर लाठी से पिटने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह बैठका के लिए किसी तरह मड़ई टाटी लगाया है। जिसे गांव के ही अपराधिक प्रवृति के गणेश राम ने जला दिया तथा विरोध करने पर लाठी से पीट जख्मी कर दिया। पीड़ित ने बताया है कि वह जान से मारने की धमकी भी दिया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच में जुट गई।

### बिहार दिवस को ले डीएम ने की बैठक

**बक्सर।** डीएम अमन समीर ने जिला स्थापना दिवस एवं बिहार दिवस के आयोजन को लेकर बैठक की। बिहार दिवस के असवर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आए हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा जिला जिलाधिकारी के समक्ष अपने बहुमूल्य विचारों को रखा गया। व्यंजन मेला, साक्षरता अभियान, औद्योगिक नवप्रवर्तन एवं अन्य उद्योग विभाग के तरफ से स्टॉल, कृषि विभाग के तरफ से विभिन्न स्टालों, पराली न जलाने के संबंध में जन जागरूकता संबंधित स्टालों के लगाने पर चर्चा की गई।

### बोले ग्रामीण होली के दिन का है वीडियो; संबंधित लोगों पर कार्रवाई की उठाई मांग, ताकि न हो गलती

# विद्या के मंदिर में अश्लील डांस का वीडियो वायरल, विभाग मौन, ग्रामीण आक्रोशित

**केटी न्यूज/चौगाई**

होली के दिन प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बेलहरी में बार बालाओं के साथ अश्लील डांस किए जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें साफ दिखाई पड़ रहा है कि विद्यालय परिसर में कुछ लोग डीजे की धून पर बार बालाओं के साथ अश्लील गीत बजा ठुमके लगा रहे है। यह घटना देर शाम की है। इस दौरान किसी ने न तो उन्हें रोकने का प्रयास किया और न ही तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। हालांकि बाद में किसी ने इसका वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद जहां स्कूल प्रबंधन इसे होली के बजाए 24 फरवरी को आई एक बारात का बता रहे है तो दूसरी तरफ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताते हुए इसकी जांच कराने की बात कह रहे है। बात चाहे जो भी हो विद्या के मंदिर में इस तरह बार बालाओं व डीजे के साथ अश्लील हरकत से समाज के प्रबुद्ध लोगों में गहरी नाराजागी है। ग्रामीणों ने इस वीडियो की जांच करा संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर में ऐसे आयोजन में माहौल खराब होता है। स्कूल विद्या का मंदिर है जहां बच्चें शिक्षा ग्रहण करने आते है। ऐसे परिसर में बार बालाओं का डांस व डीजे बजाना कही से भी उचित नहीं है।



स्कूल परिसर में नृत्य देखते ग्रामीण

- बीईओ ने घटना से जताई अनभिज्ञता, जांच कराने का दिया आदेश

## बोले प्रधानाध्यापक... स्कूल परिसर में टिकी थी बारात

इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस गांव में बारात टिकाने का कोई जगह नहीं है। लिहाजा ग्रामीण स्कूल परिसर में ही बारात का ठहराव कराते है। 24 फरवरी को गांव में एक बारात आई थी। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो उसी बारात के दौरान का है न कि होली के दिन का। प्रधानाध्यापक के इस बयान के बाद भी कई सवाल खड़े हो रहे है। बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल परिसर में बारात टिकाने तथा अन्य तरह के सामाजिक आयोजनों पर पहले ही रोक लगाई गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या बारात टिकाने वाले पहले इसकी स्वीकृति लिए थे और बिना स्वीकृति परिसर में बारात टिकाने तथा डीजे के धून पर बार बालाओं के डांस कराने की जानकारी मिलने के बाद प्रधानाध्यापक ने वरीय पदाधिकारियों तथा स्थानीय प्रशासन से शिकायत दर्ज क्यों नहीं करवाई थी। प्रधानाध्यापक द्वारा शिकायत दर्ज नहीं करवाए जाने से उनकी मौन स्वीकृति से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**कहते है बीईओ :** बीईओ सुरेश प्रसाद ने कहां कि विद्यालय परिसर में ऐसे आयोजन गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी। इसकी जांच करवा दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### शिक्षक की बाइक चोरी, सीसीटीवी में वारदात कैद



**डुमरांव।** कोरानसराय निवासी व स्थानीय मध्य विद्यालय के शिक्षक दयाशंकर तिवारी की बाइक डुमरांव से चोरी हो गई है। यह घटना होली की पूर्व संध्या की है। पीड़ित शिक्षक द्वारा इस मामले में स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार होली की पूर्व संध्या पर शिक्षक दयाशंकर अपनी हीरो कंपनी की सिल्वर कलर की सुपर स्पलेंडर बाइक जिसका नंबर बीआर 03 जेड 6211 से कपड़ा खरीदने डुमरांव आए थे। वे शहीद पार्क के दक्षिण अपनी बाइक खड़ी कर गोला रोड में कपड़ा खरीद वापस आ आए। इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चुरा ली। हालांकि चोरी की यह वारदात स्थानीय एक दुकान में लगे सीसीटीव कैमरे में दर्ज हो गई है। एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस उक्त चोर को पकड़ने के प्रयास में जुट गई है। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है। गौरतलब है कि शहर में इन दिनों बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है।

### चंदा में शुरू हुआ डोर टू डोर कचरे का उठाव



**चक्की।** प्रखंड के चंदा पंचायत में कचरा प्रबंधन की शुरूआत हो गई है। अब इस गांव में प्रत्येक दिन डोर टू डोर कचरे का उठाव होगा। वही स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर स्वच्छता रन का आयोजन हुआ। पंचायत में कचरा प्रबंधन की शुरूआत होने पर लोगों में काफी खुशी देखी गयी। पर्यवेक्षक मंफली कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर डोर टू डोर कूड़ा का उठाव करने वाले ठेला और ई रिक्शे को रवाना किया। अब हर दिन चंदा पंचायत के चंदा गांव में डोर टू डोर कचरे का उठाव होगा। कचरा प्रबंधन की शुरूआत होने से चंदा में बीस लोगों के लिए रोजगार का अवसर भी सृजन हुआ है। पर्यवेक्षक ने लोगों का आह्वान किया कि हर घर से निकलने वाला कचरा ठेला में ही डालें। इस दौरान उन्होंने लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक होने तथा अपने पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने की अपील की।

### अगलगी में जले दो घर, लाखों की संपत्ति राख

**चक्की।** गुरुवार की रात कठार गांव में आगलगी की घटना में दो घर जलकर राख हो गए है। इस घटना में पांच मवेशी समेत एक लाख से अधिक की संपति जली है। आगलगी की यह घटना शिव शंकर यादव व सुदामा यादव के घर हुई है। देर रात हुई इस घटना में लोग जबतक माजरा समझ पाते तथा आग बुझाने का प्रयास करते तबतक देर हो चुकी थी। हालांकि ग्रामीणों ने हिम्मत कर आग पर काबू पा बड़ी घटना होने से बचा लिया। इस घटना में पांच गाय, पलंग, कुलर, टीवी, अनाज, बर्तन समेत अन्य सामान जल गए है। घटना की सूचना मिलते ही कठार पंचायत के मुखिया अशोक रजक तत्काल मौके पर पहुंच पीड़ितो को सहायता की राशि भी दिए। उन्होंने सिमरी सीओ को भी घटना की जानकारी दी। सिमरी सीओ ने राजस्व कर्मी से इस मामले की जांच करवाई है।

### गोशाला में लगी आग, मवेशी की मौत

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के रामनगर में एक झोपड़ीनुमा गोशाला में आग लग गई। जिससे गौशाला में बंधी एक दुधारु मवेशी गाय की झुलसने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार की दोपहर में पशुपालक सतेन्द्र चौधरी की झोपड़ीनुमा गोशाला में हुई है। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि दोपहर में मवेशी को गौशाला में बांधने के बाद खाना खाने घर चला गया। तभी गोशाला में आग लगने की शोर सुनकर वह दौडा-दौडा पहुंचा। पर आग की उठती लपटें के आगे किसी ने खूंटा से बंधी मवेशी को खोलने की साहस नहीं जुटा पाए। बाद में एक मवेशी खुटा तोड़ गोशाला से बाहर निकले। भागने के क्रम में मवेशी हल्की झुलस गई थी। जबकि एक मवेशी गोशाला से बाहर नहीं निकल पाई। परिणाम स्वरुप आग में झुलसने से उस दुधारु मवेशी की मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि आग संभवतः गोशाला के पास के राख की ढेर से लगी है। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि इसकी सूचना सोनवर्षा ओपी पुलिस एवं सीओ को मौखिक रुप से दी गई है।

### गैराज में चोरी, गाड़ियों की बैट्री व टायर चुराया

डुमरांव। डुमरांव के बंधन पटवा रोड निवासी सुनील कुमार केसरी के गौशाला रोड स्थित गैराज में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने उनके गैराज में खड़ी बोलेरो, आल्ट्रो कार तथा एक पिकअप वाहन की बैट्री तथा सहायक टायर चुरा लिए है। चोरी की यह वारदात गुरूवार रात की है। शुक्रवार को दोपहर बाद जब सुनील अपने चालक के साथ गैराज पहुंचे तथा चालक से बोलेरो निकालने को कहा तो उक्त वाहन स्टार्ट ही नहीं हो रहा था। जांच पड़ताल में पता चला कि बोलेरो के साथ ही गैराज में खड़ी सभी वाहनों की बैट्री तथा सहायक चक्के की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली है। इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## युवक के अपहरण की आशंका परिजनों ने दर्ज कराया मामला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के डीके कॉलेज रोड से एक युवक रहस्यमयी तरीके से पिछले 13 दिन से गायब है। वह 25 फरवरी को दोपहर एक बजे तक अपने निजी दुकान पर बैठ दुकान चला रहा था। लेकिन इसके बाद वह गायब हो गया है। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी है। गायब हुए युवक विशाल कुमार ठाकुर के पिता संजय उर्फ गुड्डु ठाकुर ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनका लड़का सिमरी थाना क्षेत्र के चांदपाली बिंदडेरा की एक लड़की से बात करता था।

उन्होंने आशंका जताई है कि इसी कारण उसका अपहरण किया गया होगा। उन्होंने पुलिस को उक्त लड़की तथा उसके पिता का नाम बताने के साथ ही दोनों का मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। विशाल के गायब होने के बाद से परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए है। नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही युवक को पता लगा लिया जाएगा।



- 13 दिन पहले डीके कॉलेज रोड स्थित अपनी दुकान से गायब हुआ था विशाल

## सरकारी जमीन पर कब्जे को ले दो पक्षों में हिंसक झड़प

- घटना में आठ लोग जख्मी, जांच में जुटी इटाढ़ी पुलिस
- पहले दलितों को जमीन से कराया बेदखल, बाद में खुद कब्जा करना चाह रहे थे दबंग

**केटी न्यूज/इटाढ़ी**

सरकारी जमीन पर कब्जे को ले इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव में शुक्रवार को सुबह दो पक्ष आपस में भीड़ गए। इस दौरान लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के कुल आठ लोग जख्मी हो गए है। जिनमें तीन की हालत गंभीर हो गई है। इटाढ़ी पीएचसी से रेफर होने का सभी जख्मियों का इलाज सदर अस्पताल बक्सर में करवाया जा रहा है। पीड़ित पक्ष दलित परिवार से है। घटना की जानकारी मिलते ही इटाढ़ी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि संवाद संप्रेषण तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद गांव में दो पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार मनोहरपुर गांव के एक सरकारी जमीन पर कुछ दलित परिवार वर्षों से झोपड़ी बना कर रहते थे। लेकिन गांव के कुछ दबंगों की नजर इस जमीन पर गड़ गई थी। दबंगों ने पहले प्रशासन के सहयोग से उक्त जमीन का सरकारी होने का हवाला दे उन्हें बेदखल करवाया गया। पीड़ित इस मामले में न्यायालय की शरण में है। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे गांव के उक्त दबंग इस जमीन पर कब्जा जमाना चाहे। जिसका विरोध दलितों द्वारा किया गया। इसी बात पर मारपीट शुरू हो गई। घटना में दबंगों ने गोरख राम, उनके पुत्र राजेश राम, जयप्रकाश राम तथा उनकी पत्नी अनग्रहिती देवी के अलावे गोवर्द्धन राम, गुड्डू राम व अखिलेश राम को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों में शनिचर राम राजेश राम तथा जयप्रकाश राम की स्थिति गंभीर है। पीड़ितों के बयान पर गांव के ही ज्ञानी साह, राजू शाह, सुनील शाह तथा अन्य आठ दस लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। जिनमें महिलाएं भी शामिल है। इटाढ़ी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घायलों के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।




### महिला शक्ति को सम्मान, अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पटना में सम्मानित हुई जिले की छह महिलाएं

# उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए महिला शिक्षिकाओं को मिला सम्मान

- बक्सर की बहू रूही सिंह को गार्गी एक्सीलेंस अवार्ड से किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/बक्सर**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले की चयनित छह महिलाओं का पटना में जबकि शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए बक्सर में शिक्षिकाओं सम्मानित किया गया है। बता दें कि लेट्स इंस्पायर बिहार गार्गी चैप्टर के द्वारा 5 मार्च को पटना के विद्यापति भवन में गार्गी एक्सीलेंस अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें राज्यभर की कुल 150, जिसमें बक्सर की छह उत्कृष्ट महिलाओं को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लेट्स इंस्पायर बिहार के संरक्षक बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आईजी विकास वैभव, पद्मश्री डॉ शांति राय, पद्मश्री सुधा वर्गीज, पद्मश्री राज कुमारी देवी (किसान चाची) ने संयुक्त रूप से यह सम्मान चयनित महिलाओं को दिया। इस समारोह में बक्सर की सुप्रसिद्ध मूकबधिर कलाकार विनीता राय, केन्या से आई बक्सर की बहू मिसेज इंडिया केन्या रूही सिंह को गार्गी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में बक्सर जिला की 4 और लड़कियों को गार्गी एक्सीलेंस और एप्रिसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिनमें जया भारती, अमृता मिश्रा, साधना कुमारी तथा प्रेरणा कुमारी शामिल है। जिले की महिलाओं को सम्मान मिलने के बाद जिलेवासी गौरवान्वित है।




**डीपीओ स्थापना के हाथों महिला शिक्षिकाएं सम्मानित ;** वही दूसरी तरफ राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शारिक अशरफ ने दिया। इस दौरान महिला शिक्षिकाओं को शाल, डायरी और कलम देकर उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिला शिक्षिकाओं में अनीता यादव, पम्मी राय, मधु, लालसा, शमा परवीन, उर्मिला आदि शिक्षिकाएं शामिल रही। अपने संबोधन में डीपीओ ने शिक्षकों को अपना काम इमानदारी से करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौनिहालों के भविष्य को गढ़ते है। इसलिए उन्हें अपनी जिम्मेवारी के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान कराने का उचित प्रयास विभाग के नियमानुसार होगा। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बक्सर ने भी अपने विचार रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शिक्षिकाओं को दी। मंच संचालन प्रमोद कुमार चौबे और प्रधानाध्यापक धनंजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

बलिया। नगरा निकासी मार्ग पर त्रिलोकमंदा के समीप गुरुवार की देर शाम ट्रैक्टर ट्राली के धक्के से मोपेड सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक भाई की घटना के कुछ देर बाद ही मौत हो गयी। जबकि दूसरे का मऊ के अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पीएम के लिए भेज दिया। मऊजिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के अईलख निवासी आलोक कुमार, सुलेख कुमार गुरुवार की देर शाम को राघवमंदा नहर से होते हुए घर जा रहे थे कि त्रिलोकमंदा मोड़ से आगे बिजली के खम्भे के समीप ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण इलाज के लिए सीएचसी जोगापुर रतनपुरा ले जाते समय आलोक कुमार की मौत हो गयी।

### आयुर्वेदिक चिकित्सालय का डीएम ने किया निरीक्षण

बलिया। डीएम रवीन्द्र कुमार ने जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का निरीक्षण किया। साथ ही वहां पर उपस्थित डॉक्टरों और मरीजों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने पाया कि मरीजों को कुछ दवाएं बाहर से लिखी जाती है। उन्होंने डॉ. एससी यादव को निर्देश दिया कि कोई भी दवा बाहर से ना लिखी और सारी दवाएं मरीजों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाए। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. संजय कुमार गोड़ और आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि वह भी ओपीडी शुरू करें और मरीजों को अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं।

# वोटर लिस्ट में नाम डलवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं मतदाता: डीएम

- डीएम ने नगरीय निकायों की निर्वाचन नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना तीन मार्च 2023 के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने निर्देश दिया है कि जनपद में नगरीय निकायों की निर्वाचन नामावली का निम्न समय सारिणी के अनुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस मार्च 2023 को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना। 18 से 22 मार्च 2023 तक दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 23 से 31 मार्च 2023 तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची-1 में समाहित करना एवं एक अप्रैल 2023 को अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन किया जाएगा।

मतदाता अपना नाम सम्मिलित किए जाने के लिए 11 से 17 मार्च 2023 की अवधि में आयोग की वेबसाइट शृ.४स्र.ल्लू.ल्ल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। निर्धारित अवधि में ही यदि मतदाता सूची में अंकित कोई मतदाता




सामान्यतः जिस वार्ड का निवासी है, उसका नाम उस वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित न होकर किसी अन्य वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित हो गया है, तो उसके नाम को उससे सम्बन्धित वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसर निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण एवं प्रकाशन वर्ष 2023 में हो रहा है। अतः अर्ह नागरिक जो एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए हैं, उनके द्वारा अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए दावा प्रस्तुत किया जाएगा। ऐसे निर्वाचकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए दावों को स्वीकार करते हुए निर्वाचक नामावली में नियमानुसार सम्मिलित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय सारिणी के मुताबिक निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा बढ़ाई नहीं जाएगी। निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी।

## निकाय चुनाव आरक्षण के रोटेशन में 20-30 साल से थीं गड़बड़ियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में ओबीसी सर्वे के लिए बने पांच सदस्यीय आयोग की रिपोर्ट यूपी कैबिनेट के समक्ष दी रखी गई है। वहीं ओबीसी आरक्षण सर्वे के लिए बने आयोग के अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने कहा कि हमने सभी 75 जिलों का दौरा किया।

इस दौरान जनता और अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच सबसे बड़ी शिकायत चक्रानुक्रम आरक्षण की मिली। आयोग ने पाया कि रिजर्वेशन के रोटेशन में गड़बड़ियां थीं। जहां एससी सीट थी तो वो लंबे समय से उसी के लिए आरक्षित थी, जहां ओबीसी या सामान्य थी, वहां भी रोटेशन की बजाय वही आरक्षण चला आ रहा था। अवतार सिंह ने कहा कि हमने अपनी रिपोर्ट में ओबीसी जातियों के प्रतिनिधित्व के आधार पर अपनी सिफारिशें की हैं कि कितनी नगर पालिका, कितने नगर निगम में किस वर्ग के लिए कितना आरक्षण हो। सिंह ने कहा कि पुराने रैपिड टेस्ट के आधार पर म्यूनिसिपल इलेक्शन में तय कोटा सही नहीं था। आयोग के अध्यक्ष ने कहा है कि 350 पेज की रिपोर्ट माननीय न्यायालय के समक्ष सरकार को सौंपनी है। अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट पर मुहर लगा देती है तो अप्रैल मध्य तक चुनाव कराए जाने की संभावना हो सकती है।

### दाह संस्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद अस्थि कलश को सुरक्षित वहां रख सकेंगे

# काशी के मणिकर्णिका घाट पर बनेगा अस्थि बैंक, अब भीड़ से मिलेगी मुक्ति

- लोगों के लिए फायदेमंद रहेगी ये योजना, सरकार की ओर से मिली स्वीकृति

**एजेंसी/वाराणसी**

काशी के मणिकर्णिका घाट को एक अलग पहचान मिलने जा रही है। इस घाट पर अस्थि बैंक बनाने की तैयारी चल रही है। जिससे यहां अस्थी लेकर आने वाले लोगों को सुविधा हो। बताया जा रहा है, वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर सबसे ज्यादा चिताएं जलाई जाती हैं। जिसकी वजह से यहां अस्थि विसर्जन के लिए लंबी लाइनें लगी रहती हैं।

ऐसे में ये योजना लोगों के लिए फायदेमंद रहेगी। इसके लिए लोगों से बहुत पैसे नहीं लिए जाएंगे। मामले में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि नगर निगम ने सरकार को इसके लिए एक प्लान तैयार करके भेजा था। जिस पर सरकार की तरफ से हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही मणिकार्णिका घाट पर अस्थि बैंक बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिसके बाद दाह संस्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोग अस्थि बैंक में पर्ची कटा कर अस्थि कलश को सुरक्षित वहां रख सकेंगे। उसके बाद लोग अपने समय के अनुसार आकर पर्ची दिखाकर कलश को ले सकते हैं। इस काम के लिए लोगों से बहुत कम पैसे लिए जाएंगे।



**यहां साल के 365 दिन जलती हैं चिताएं :** एमपी सिंह ने आगे बताया कि इस घाट पर साल के 365 दिन चिताएं जलती हैं। यहां दाह संस्कार के साथ-साथ अस्थि कलश विसर्जन करने देश और विदेश से लोग आते हैं। ऐसे में यहां पर लंबी लाइन लग जाती हैं। घाट पर पैर रखने की जगह नहीं बचती है। कई बार तो बिना पूजा-पाठ के लोगों को अस्थि विसर्जित करना पड़ जाता है। अस्थि बैंक खुलने के बाद लोगों की ये समस्या दूर होगी। उन्होंने आगे बताया, मणिकर्णिका घाट पर हमेशा चिताओं की लंबी कतारें होती हैं। लोगों को दाह-संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ता है। कुछ लोग दूर-दराज से आते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार दास संस्कार करवाते हैं।

### चिता ठंडी होने से पहले ही वापस चले जाते हैं लोग

भीड़ ज्यादा होने के कारण कई बार लोग चिता ठंडी होने से पहले ही वापस चले जाते हैं। जिस कारण वो लोग अस्थि कलश विसर्जन की परंपरा नहीं कर पाते हैं। लेकिन अब वो लोग अस्थियों को एकत्र करके बैंक में रखवा सकते हैं और बाद में आकर उसका विसर्जन कर सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए भी ये योजना फायदेमंद होगी। आगे बताया कि, इस काम के लिए सर्वे कराया जा रहा है। जमीन की तलाश की जा रही है। जल्द ही इस काम को धरातल पर लाया जाएगा। दूरदराज से आने वाले परिजनों को इसका लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### बहेरी में आत्या-पात्या संघ का चुनाव संपन्न



**बलिया।** आत्या-पात्या संघ बलिया का चुनाव शुक्रवार को शहर के बहेरी गांव स्थित सूर्योदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से मोहम्मद नसीम खां को संरक्षक, मोहम्मद शमीम खां को अध्यक्ष व तिलक कुमार को चेयरमैन चुना गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष राम जी पांडेय, राकेश गुप्ता, जितेंद्र प्रताप सिंह, सचिव असलम वारसी, संयुक्त सचिव अजीत कुमार सिंह व मोहम्मद मुर्शीद, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत राय, मीडिया प्रभारी श्यामजीत तथा सदस्य राजू कुमार, महताब आलम व अब्दुल्लाह अंसारी चुने गए। इस मौके पर पर्यवेक्षक घनश्याम सिंह ने सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर पर्यवेक्षक घनश्याम सिंह ने कहा कि आत्या-पात्या खेल की पहचान अभी तक बचपन के खेल के तौर पर थी। लेकिन अब इस खेल को भारतीय ओलंपिक संघ एवं उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ तथा उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता मिल गई है। इस मौके पर अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि पर्यपेक्षक जी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं उस पर शत-प्रतिशत खड़ा उतारने का काम करूंगा। आधुनिकता के इस दौरान में आत्या-पात्या जैसे विलुप्त प्रायः खेल के उत्थान की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है। वहीं सचिव असलम वारसी साहब ने कहा कि इस खेल के जरिए अभी गुजरात के 25 युवाओं का चयन पोस्ट ऑफिस में हुआ है। इस खेल को कोई भी खिलाड़ी आसानी से खेल सकते हैं। इतना ही नहीं अभी आर्मी की भर्ती में भी इस खेल को शामिल किया गया है।

### वन विभाग की टीम ने अजगर सांप को पकड़ा



**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के लोहटा चट्टी के समीप ग्राम सचिवालय के पास शुक्रवार को राहगीरों ने अजगर सर्प को रेंगते हुए देखा जिसकी सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई जो जहां था वहीं से सर्प को देखने के लिए चल दिया । स्थानीय पुलिस को सुचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने बन विभाग के अधिकारियों को सुचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन मंगाकर खुदवाया तब जाकर वन विभाग की टीम ने सर्प को पकड़कर बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की लोहटा गावं के पास बने ग्राम सचिवालय के समीप अजगर सर्प को रेंगते हुए गावं वालों ने देखा। बाजीगर सर्प को देखने के बाद भगदड़ कि स्थिति उत्पन्न हो गयी। लोगों ने इसकी सुचना मनियर पुलिस को दी। इसी बीच रेंगते हुए सर्प पोखरे के भींटा के बील में घुस गया । जिससे गांव वाले और भयभीत हो गए कि सर्प कभी भी निकल सकता है और नुकसान पहुंचा सकता है। वन विभाग के टीम में दरोगा सुरेंद्र यादव, भीम सिंह व विक्रम सिंह थे। इस मौके पर मनियर थाने के उपनिरीक्षक राजीव कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल आदित्य पांडेय सहित आदि लोग रहे।इस सम्बन्ध मे पूछे जाने पर वन विभाग के दरोगा सुरेन्द्र यादव ने बताया कि विल्ड रसल वाईपर स्नेक है जो वर्षात के समय में कहीं से आ गया था।

### 13 को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक



**बलिया।** आगामी 13 मार्च को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराए जाए। किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आनी चाहिए। सभी वीडिओ का कार्य ब्लॉक वार बाट दिए जाएं। साथ ही वैवाहिक जोड़ों को जो भी सामान और ऑनामेंट दिया जाए उनकी गुणवत्ता पहले से ही परख ली जाए। गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि वैवाहिक जोड़ों के साथ आने वाले परिवार जनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, साथ ही उनके ठहरने की व्यवस्था पहले से कर लीजिए। मुख्य अतिथि के लिए अलग से मंच बनाया जाए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग से मंच बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा विवाह पूरे रीति रिवाज से कराया जाए। किसी प्रकार की अव्यवस्था ना होने पाए। वैवाहिक जोड़ों को सारी सुविधाएं दी जाए। उनके भोजन आदि की व्यवस्था ठीक से कराई जाए। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि लोगों के लिए शौचालय, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक रखी जाए।

## 35 लाभार्थियों के बीच लैपटाप और आजीविका मिशन समूह की 25 को सिलाई मशीन वितरित

- डीएम की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रायफल क्लब में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अथिति निवर्तमान नगर अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पाठक उपस्थित थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के 35 लाभार्थियों को लैपटाप एवं आजीविका मिशन समूह की 25 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित किया गया।

साथ ही 22 महिला ग्राम प्रधान, 20 आगनवाड़ी कार्यकत्री, दो स्टाफ नर्स, दो एएनएम एवं तीन आशा बहु को साल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांजन अधिकारी एवं जनपद के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा धन्यवाद के साथ किया गया।

## अब लखनऊ का सफर हुआ आसान सुबह सात बजे रोडवेज से खुलेगी बस

**केटी न्यूज/बलिया**

रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने राजधानी एक्सप्रेस बस का तोहफा दिया है। बीते दिन बलिया-लखनऊ राजधानी एक्सप्रेस को प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि मुख्यमंत्री ने बीते चार मार्च को होली पर परिवहन निगम को 115 बसों का तोहफा दिया है। इनमें 76 राजधानी एक्सप्रेस और 39 सामान्य बसें शामिल है। शासन से बलिया जनपद को एक बस मिली है। इसे बलिया से लखनऊ चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को फूल मालाओं से दुल्हन की तरह सजी बलिया-लखनऊ राजधानी एक्सप्रेस बस को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने रोडवेज बस स्टैंड में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यात्रियों को बसों का तोहफा दिया है। जल्द रोडवेज से जर्जर बसों का हटाकर बेहतर स्तर की बसों को लगाया जाएगा। राजधानी एक्सप्रेस के चलने से लोगों को काफी



सहूलियत होगी। एआरएम उमाकांत मिश्रा ने बताया कि बलिया से राजधानी एक्सप्रेस बस सुबह सात बजे चलेगी और दिन में 3:15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से शाम पांच बजे चलकर रात में 1:15 बजे बलिया आएगी। इस मौके पर फोरमैन राकेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ लेखाकार महेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, अरुण सिंह बंटू, अंकुर उपाध्याय, आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का अपर महाधिवक्ता ने किया उद्घाटन

# एनएसएस स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम: अजीत कुमार सिंह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता ( हाईकोर्ट इलाहाबाद) एवं

स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्रबंधक/सचिव अजीत कुमार सिंह ने श्रीकुशल पाल श्रोतशाला में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया। मुख्य अतिथि ने स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। स्वयंसेवक अपने सुदृढ़ व्यक्तित्व के द्वारा ही जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों को दृढ़ता पूर्वक सामना कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा एवं सामूहिक जीवन शैली के द्वारा समाज एवं राष्ट्र की सेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने ने एनएसएस के बारे में विस्तार से वर्णन किया और बताया कि एनएसएस का चक्र व लोगों का लाल एवं नीला रंग स्वयंसेवकों को आठो प्रहार राष्ट्र निर्माण, सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊजार्वान होने के लिए प्रेरित करता है। लोगों का पहिया निर्माण, संरक्षण के चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को समाज से जोड़ता है और मैं नहीं आपके ध्येय वाक्य से समाज के अंतिम व्यक्ति को श्रेय देकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाता है। उन्होंने स्वयं सेवकों से अनुशासित एवं संयमित रहने की अपील करते हुए सदैव सेवा के लिए सक्रिय रहने की प्रेरणा भी प्रदान की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एसडी सिंह परिहार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का गठन 1969 में छात्रों में व्यक्तित्व का विकास कर उनमें राष्ट्र व समाज सेवा की भावना जगाने के लिए किया गया था। शिविर के माध्यम से सामूहिक जीवन जीने की कला छात्र-छात्राओं में विकसित होती है और यह ऐसी कला है जिससे जीवन भर छात्रों का व्यक्तित्व निखरता रहता है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुचिमूर्ति सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस शिविर के उद्घाटन समारोह का सफल संचालन महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव शंकर यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुचि मूर्ति सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिनाथ मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र, नीरज कुमार सिंह सहित अनेक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं